भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2491
दिनांक 13 मार्च, 2025

पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और सीएनजी की कीमत में कमी

†2491. डॉ. एम. के. विष्णु प्रसाद :
श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के अनुरूप पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी की जाएगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा पेट्रोल, डीजल, एलपीजी गैस और सीएनजी की कीमत कम करने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) अन्य देशों से खरीदे गए कच्चे तेल की लागत, उत्पाद के प्रसंस्करण की लागत और तैयार उत्पादों की कीमत का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (घ) पेट्रोल और डीजल के मूल्य बाजार द्वारा निर्धारित हैं और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियाँ (ओएमसीज) पेट्रोल और डीजल के मूल्य निर्धारण पर उचित निर्णय लेती हैं।

घरेलू स्तर पर, सरकार और पीएसयू ओएमसीज द्वारा किए गए विभिन्न उपायों के परिणामस्वरूप पेट्रोल और डीजल के मूल्य घटकर क्रमशः 94.77 रुपए और 87.67 रुपए प्रति लीटर (दिल्ली के मूल्य) हो गए हैं, केंद्र सरकार द्वारा नवंबर 2021 और मई 2022 में दो बार में पेट्रोल और डीजल पर कुल मिलाकर क्रमशः 13 रुपए प्रति लीटर और 16 रुपए प्रति लीटर की केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कमी की गई, जिसका पूरा लाभ उपभोक्ताओं को दे दिया गया। कुछ राज्य सरकारों ने भी नागरिकों को राहत देने के लिए राज्य वैट दरों में कमी की। मार्च, 2024 में, ओएमसीज ने पेट्रोल और डीजल प्रत्येक के खुदरा मूल्यों में 2 रुपए प्रति लीटर की कमी की।

पीएसयू ओएमसीज ने हाल ही में अंतर्राज्यीय माल भाड़े को युक्तिसंगत बनाया है। इससे राज्यों के दूरदराज के हिस्सों में पेट्रोल और डीजल के मूल्यों में कमी के परिणामस्वरूप पेट्रोलियम तेल और ल्यूब्रिकेंटों (पीओएल) डिपो से दूर दूरदराज के क्षेत्रों में स्थित उपभोक्ताओं को लाभ हुआ है। इस पहल ने एक राज्य के भीतर पेट्रोल या डीजल की अधिकतम और न्यूनतम खुदरा मूल्यों के बीच के अंतर को भी कम कर दिया है।

सरकार ने जनसामान्य को उच्च अंतरराष्ट्रीय मूल्यों से बचाने के लिए कई अन्य कदम भी उठाए हैं, जिसमें कच्चे तेल के आयात बास्केट में विविधता लाना, घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सार्वभौमिक सेवा दायित्व के प्रावधानों को लागू करना, पेट्रोल में एथेनॉल के मिश्रण को बढ़ाना आदि शामिल हैं।

भारत घरेलू खपत का लगभग 60% एलपीजी का आयात करता है। देश में एलपीजी का मूल्य अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसके मूल्य से जुड़ा हुआ है। औसत सऊदी सीपी (एलपीजी मूल्य निर्धारण के लिए अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क) में 63% की वृद्धि हुई (जुलाई 2023 में 385 यूएस डॉलर / मीट्रिक टन से फरवरी 2025 में 629 यूएस डॉलर / मीट्रिक टन), घरेलू एलपीजी के लिए प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) उपभोक्ताओं के लिए प्रभावी मूल्य में 44% (अगस्त 2023 में 903 रुपए से फरवरी 2025 में 503 रुपए) कमी आई है।

14.2 किलोग्राम के घरेलू एलपीजी सिलेंडर का खुदरा बिक्री मूल्य वर्तमान में दिल्ली में 803 रुपए है। पीएमयूवाई उपभोक्ताओं को 300 रुपए / सिलेंडर की निर्धारित राजसहायता के बाद, भारत सरकार 503 रुपए प्रति सिलेंडर (दिल्ली में) के प्रभावी मूल्य पर 14.2 किलोग्राम का एलपीजी सिलेंडर प्रदान कर रही है। यह देश भर में 10.33 करोड़ से अधिक उज्ज्वला लाभार्थियों के लिए उपलब्ध है।

किसी भी स्थान पर संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) का मूल्य पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा अधिकृत नगर गैस वितरण (सीजीडी) कम्पनियों द्वारा गैस की अधिप्राप्ति लागत, राज्य करों, टैरिफ और अन्य घटकों पर विचार करने के बाद तय की जाती है।

भारत दुनिया की एकमात्र प्रमुख अर्थव्यवस्था रही है जहाँ हाल के वर्षों में पेट्रोल और डीजल के मूल्यों में कमी आई है। नवंबर 2021 और जनवरी 2025 के बीच कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में पेट्रोल और डीजल के मूल्यों में परिवर्तन निम्नानुसार है:

	नवंबर-21 और जनवरी-25 के बीच मूल्यों में परिवर्तन का %	
देश	**पेट्रोल**	**डीज़ल**
भारत (दिल्ली)	-13.60%	-10.92%
फ्रांस	14.21 %	15.08 %
जर्मनी	7.87 %	12.43 %
इटली	8.65 %	11.39 %
स्पेन	8.67 %	12.93 %
यूके	0.08 %	2.61 %
कनाडा	10.52 %	23.05 %
यूएसए	4.83 %	12.86 %

स्रोत: पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)

नवंबर 2021 और जनवरी 2025 के बीच कुछ पड़ोसी अर्थव्यवस्थाओं में पेट्रोल और डीजल के मूल्यों में परिवर्तन

	नवंबर-21 और जनवरी-25 के बीच मूल्यों में परिवर्तन का %	
देश	**पेट्रोल**	**डीज़ल**
भारत (दिल्ली)	-13.60%	-10.92%
पाकिस्तान	29.76 %	34.97 %
बांग्लादेश	13.94 %	30.82 %
श्रीलंका	53.98 %	101.59 %
नेपाल	22.02 %	31.32 %

स्रोत: पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)

पिछले दो वर्षों और चालू वर्ष के लिए कच्चे तेल की भारतीय बास्केट और उत्पादों का वार्षिक औसत मूल्य निम्नानुसार है:

वित्त वर्ष	**भारतीय कच्चे तेल का बास्केट (डॉलर/बीबीएल)**	**पेट्रोल का आरएसपी (रुपए/ लीटर)**	**डीजल का आरएसपी (रुपए/ लीटर)**
2022-23	93.15	97.90	90.58
2023-24	82.58	96.63	89.53
2024-25 (दिनांक 05.03.2025 तक)	79.04	94.74	87.64

स्रोत: पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)

****